**सत्र : 2024-2025**

**कक्षाः बारहवीं**

**विषय : हिंदी**

## प्रश्न-पत्र की रूपरेखा

**समय : 3 घंटे**

**पूर्णांक (लिखित)=80 अंक**

**आंतरिक मूल्यांकन=20 अंक**

**नोट-** (i) प्रश्न-पत्र के छह भाग (क से च तक) होंगे।

(ii) प्रश्न-पत्र में कुल 14 प्रश्न होंगे।

(iii) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य होंगे।

### भाग-क : वस्तुनिष्ठ प्रश्न (20)

#### (I) बहुवैकल्पिक प्रश्न :

निम्नलिखित में से 10 अंकों के बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। **10**

**प्रश्न 1.** (i) समास (अव्ययीभाव, तत्पुरुष, बहुब्रीहि एवं द्वंद्व समास ) में से तीन बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 3×1=3

(ii) हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) में से दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे । 2×1=2

(iii) अंग्रेज़ी के दो पारिभाषिक शब्दों के हिंदी रूप लेखन के सम्बन्ध में दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे । 2×1=2

(iv) पाठ्य पुस्तक के 'पद्य भाग' में से दो बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे जाएँगे। 2×1=2

(v) ' छंद ' से संबंधित एक बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछा जाएगा। 1×1=1

#### (II) अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न : 10

निम्नलिखित में से 10 अंकों के अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। ये प्रश्न हाँ / नहीं अथवा रिक्त स्थानों की पूर्ति अथवा सही /गलत अथवा मिलान कीजिए, किसी भी प्रकार के हो सकते हैं।

(vi) पद परिचय से संबंधित एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछा जाएगा। 1×1=1

(vii) अंग्रेज़ी के दो पारिभाषिक शब्दों के हिंदी रूप लेखन के सम्बन्ध में दो वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएँगे। 2×1=2

(viii) 'अलंकार ' से संबंधित एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछा जाएगा। 1×1=1

(ix) पाठ्य पुस्तक गद्य भाग (निबंध, कहानी व एकांकी) में से छह अति लघूत्तर प्रश्न पूछे जाएँगे। दो प्रश्न निबंध भाग में से, दो कहानी भाग में से तथा दो एकांकी भाग में से पूछे जाएँगे। 6×1=6

## भाग ख (पाठ्य पुस्तक में से अन्य प्रश्न ) (24)

प्रश्न 2. पाठ्य पुस्तक के 'प्राचीन काव्य भाग' में से दो पद्यांश देकर उनमें से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करने के लिए कहा जाएगा। 1+4=5

प्रश्न 3. पाठ्य पुस्तक के 'आधुनिक काव्य भाग' में से दो पद्यांश देकर उनमें से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करने के लिए कहा जाएगा। 1+4=5

प्रश्न 4. पाठ्य पुस्तक के ' निबंध भाग ' में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न 5. पाठ्य पुस्तक के 'कहानी भाग ' में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न 6. पाठ्य पुस्तक के 'एकांकी भाग ' में से दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में देने के लिए कहा जाएगा। 3

प्रश्न 7. पाठ्य पुस्तक में संकलित गद्य भाग (निबंध, कहानी एवं एकांकी) में से दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

## भाग-ग हिंदी साहित्य का इतिहास (रीतिकाल एवं आधुनिक काल) (10)

प्रश्न 8. इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के रीतिकाल की प्रमुख परिस्थितियों, प्रमुख प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित कोई दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे,जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

प्रश्न 9. इस प्रश्न में हिंदी साहित्य के आधुनिक काल की परिस्थितियों,प्रमुख प्रवृत्तियों एवं प्रमुख कवियों के साहित्यिक परिचय से संबंधित कोई दो निबंधात्मक प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में लिखने के लिए कहा जाएगा। 5

## भाग घ ( रचनात्मक लेखन) (10)

प्रश्न 10. निबंध लेखन के अंतर्गत कोई चार विषय देकर उनमें से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लेखन के लिए कहा जाएगा। भूमिका के लिए 2 अंक, विषय वस्तु के लिए 6 अंक तथा उपसंहार के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

2+6+2=10

## भाग ङ (व्यावहारिक ज्ञान) (8)

**प्रश्न 11.** इस प्रश्न में लगभग 25-30 शब्दों का एक पंजाबी गद्यांश दिया जाएगा, जिसका हिंदी में अनुवाद करना होगा। 4

**प्रश्न 12.** विज्ञापन और सूचना से सम्बन्धित दो प्रश्न पूछे जाएँगे, जिनमें से एक का उत्तर लिखने के लिए कहा जाएगा। 4

## भाग-च : (छन्द एवं अलंकार) (8)

**प्रश्न 13.** कोई दो छंद देकर किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखने के लिए कहा जाएगा। 1+3=4

**प्रश्न 14.** कोई दो अलंकार देकर किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखने के लिए कहा जाएगा। 1+3=4

सत्र : 2024-2025

कक्षाः बारहवीं

विषय : हिंदी

समय : 3 घंटे

पूर्णांक (लिखित)=80 अंक

आंतरिक मूल्यांकन=20 अंक

# मॉडल टेस्ट पेपर

**प्रश्न 1. । निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में से सही विकल्प (उत्तर) को चुनिए- 10x1=10**

(i) 'लम्बोदर ' समास (समस्त पद) का सही समास-विग्रह क्या होगा ?

(क) लम्बा है दर (ख) दरवाज़े से भी लम्बा

(ग) लम्बा है जो दर (दरवाज़ा) (घ) लम्बा है उदर (पेट) जिसका

(ii) 'सीता-राम' समस्त पद के लिए निम्नलिखित समास-विग्रह के विकल्पों में से सही विकल्प को चुनें :

(क) सीता के लिए राम ( ख) सीता के राम

(ग) सीता और राम (घ) सीता में समाए राम

(iii) 'धर्म पतित' समस्त पद के लिए निम्नलिखित समास-विग्रह के विकल्पों में से सही विकल्प को चुनें :

(क) धर्म को पतित (ख) धर्म में पतित

(ग) धर्म से पतित (घ) धर्म के लिए पतित

(iv) निम्नलिखित में से रीतिमुक्त कवि कौन सा है ?

(क) घनानंद (ख) बिहारी (ग) देव (घ) नेवाज

(v) 'साकेत' आधुनिक काल के किस कवि की प्रसिद्ध रचना है ?

(क) सुमित्रानंदन पन्त (ख) जयशंकर प्रसाद (ग) मैथिलीशरण गुप्त (घ) महादेवी वर्मा

(vi) 'Petitioner' शब्द का सही हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) क्या होगा ?

(क) नामिका (ख) याचिका (ग) याचिकादाता (घ) पदाधिकारी

(vii) 'Rehabilitation' शब्द का सही हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) क्या होगा ?

(क) प्रतिपूर्ति (ख) पुनर्वास (ग) याचिकादाता (घ) भर्ती

(viii) सूरदास के 'विनय के पद' के आधार पर श्रीकृष्ण की कृपा से कौन सिर पर छत्र धारण करके चलता है?

(क) बहरा व्यक्ति (ख) यशोदा (ग) रंक व्यक्ति (घ) गूंगा व्यक्ति

(ix) यशोधरा को सोते हुए कौन छोड़ गया? 'सखि वे मुझसे कहकर जाते' कविता के आधार पर बताएँ :

(क) अश्रु (ख) पति (ग) सखि (घ) भाग्य

(x) 'सोरठा ' छंद के दूसरे चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं।

(क) 11 मात्राएँ (ख) 12 मात्राएँ (ग) 13 मात्राएँ (घ) 14 मात्राएँ

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें - 10 x1=10**

(i) <u>हम</u> तुम्हें चंडीगढ़ में मिले थे। इस वाक्य में आए 'हम' पद का पद परिचय होगा-
हम-पुरुषवाचक सर्वनाम,उत्तम पुरुष, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक ' मिले थे ' क्रिया का कर्ता सही या गलत

(ii) 'Offence ' शब्द का हिंदी पर्याय (हिंदी रूप)............................होगा ? उपयुक्त हिंदी पर्याय लिखकर खाली स्थान भरें।

(iii) 'Mourning' शब्द के सही हिंदी पर्याय (हिंदी रूप) के साथ मिलान करें-

| | |
|---|---|
| Mourning | शोक |
| | प्रात:काल |
| | दोपहर |

(iv) 'जहाँ एक वस्तु की तुलना किसी प्रसिद्ध वस्तु के साथ की जाए, वहाँ---------अलंकार होता है। उपयुक्त अलंकार का नाम लिखकर खाली स्थान भरें।

(v) 'शार्टकट सब ओर' के लेखक---------------हैं। उपयुक्त उत्तर लिखकर खाली स्थान भरें।

(vi) वर्तमान में ............................को मूर्खता का पर्याय समझा जाता है ? 'क्या निराश हुआ जाए ?' निबंध के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखकर खाली स्थान भरें।

(vii) 'मधुआ' कहानी में ठाकुर ने शराबी को कहानी सुनाने के लिए दस रुपये और शराब की दो बोतलें दीं थीं । 'हाँ' अथवा 'नहीं' ?

(viii) 'तत्सत' कहानी में पशु और पेड़ पौधे 'वन' के नाम से डरने लगे या 'शेर' के नाम से डरने लगे ? एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दें।

(ix) 'वापसी ' एकांकी के आधार पर बताओ कि रायसाहब किस देश से आए थे ? एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दें।

(x) 'रीढ़ की हड्डी ' एकांकी की नायिका प्रेमा है। 'हाँ' अथवा 'नहीं'

## भाग ख

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें- 1+4=5**

पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो!
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, करि किरपा अपणायौ!
जन्म-जन्म की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायो।
खरचै नहिं कोई चोर न लेवै, दिन दिन बढ़त सवायौ!
सत की नाव खेवटिया सतगुरु, भवसागर तरि आयो!
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, हरखि-हरखि जस गायौ!!

**अथवा**

कहत सबै बेंदी दिए अंक दस गुनौ होत।
तिय लिलार बेंदी दिए अगनित बढतु उदोत।।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें-** **1+4=5**

ये फसलें काटो.......
पिछले ज़माने में
बीज जो बोये विषमता के
आज वहीं साँपों की खेती उग आई है।
धरती को फिर से संवारो
क्यारी में बीज नये डालो
पसीने के, आँसू के,
प्यार के, हमदर्दी के,
मेड़ें मत बाँधो,
भूमि सबकी,
दर्द सबका है।

**अथवा**

सखि, वे मुझसे कहकर जाते,
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते ?
मुझको बहुत उन्होंने माना;
फिर भी क्या पूरा पहचाना ?
मैंने मुख्य उसी को जाना,
जो वे मन में लाते,
सखि, वे मुझसे कहकर जाते।।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें:** **3**

(i) 'विदेशों में लोग समय को किस प्रकार बर्बाद करते हैं ? 'समय नहीं मिला' निबंध के आधार पर उत्तर दें ।

(ii) जलियाँवाला बाग में सभा का आयोजन किस उद्देश्य से किया गया था ? 'अगर ये बोल पाते : जलियाँवाला बाग ' निबंध के आधार पर उत्तर दें।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें:** **3**

(i) लेखक के मित्रों ने लड़की पैदा होने पर अपने उद्‌गार कैसे पेश किए? 'उपेक्षिता ' कहानी के आधार पर उत्तर दें ।

(ii) 'मधुआ' कहानी का नामकरण कहाँ तक सार्थक है ?

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें:** **3**

(i) 'वापसी' एकांकी से क्या शिक्षा मिलती है ? अपने शब्दों में स्पष्ट करें।

(ii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में लेखक क्या कहना चाहता है ? एकांकी के आधार पर उत्तर दें।

**प्रश्न 7. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में दें: 1 x 5 = 5**

(i) **'सच्ची वीरता' निबंध का सार लिखिए।**

(ii) **'वापसी' एकांकी श्री उदयशंकर भट्ट का मानवीय सम्बन्धों के खोखलेपन पर एक व्यंग्य है, व्याख्या करें।**

## भाग - ग

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में दें: 1x5 =5**

(i) **रीतिकाल की सामाजिक परिस्थितियों का वर्णन करें।**

(ii) **रीतिकाल की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का वर्णन करें।**

**प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 70-80 शब्दों में दें: 1x5 =5**

(i) **आधुनिक काल की परिस्थितियाँ लिखें।**

(ii) **प्रयोगवाद साहित्य की किन्हीं दो प्रवृत्तियों का वर्णन करें।**

## भाग - घ

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए।**

**2+ 6 +2= 10**

(i) **मेरे जीवन का लक्ष्य** (ii) **महात्मा गाँधी** (iii) **स्वास्थ्य और व्यायाम** (iv) **मानवाधिकार**

## भाग ङ

**प्रश्न 11. निम्नलिखित पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें- 4**

ਉੱਥੇ ਮਿਠਾਈਆਂ ਤੇ ਬਿੱਸਕੁਟ ਸਨ। ਮੇਰੀ ਮਾਤਾ ਜੀ ਨੇ ਮੋਮਬੱਤੀਆਂ ਬਾਲੀਆਂ। ਮੈਂ 11 ਮੋਮਬੱਤੀਆਂ ਬੁੱਝਾ ਦਿੱਤੀਆਂ। ਮੈਂ ਕੇਕ ਕੱਟਿਆ। ਮੇਰੇ ਮਿੱਤਰ ਗਾ ਰਹੇ ਸਨ, "ਜਨਮਦਿਨ ਦੀ ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈ ਹੋਵੇ"।

**प्रश्न 12.** **आपका नाम अमिताभ है। आपका सेक्टर-17, चंडीगढ़ में बहुत बड़ा पाँच सितारा होटल है। आपका मोबाइल नम्बर 8767894312 है। आपको अपने होटल के लिए एक मैनेजर की आवश्यकता है। वर्गीकृत विज्ञापन के अन्तर्गत 'मैनेजर की आवश्यकता है' का प्रारूप तैयार करके लिखिए।**

**अथवा**

**आपका नाम मुकेश वर्मा है। आपके 'माँ सरस्वती विद्यालय' जगाधरी के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण हेतु दिनांक 17 अक्टूबर , 2025 को रॉक गार्डन देखने चंडीगढ़ जा रहे हैं। आप स्कूल के छात्रसंघ के सचिव हैं। आप अपनी ओर से इस सम्बन्ध में एक सूचना तैयार कीजिए।** **4**

## भाग-च

**प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए : 1+3=4**

(i) **कवित्त** (ii) **दोहा**

**प्रश्न 14. निम्नलिखित में से किसी एक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए: 1+3=4**

(i) **उपमा** (ii) **श्लेष**